भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 347 | बिजौलिया - गुरुवार, 02 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## तकनीक से बदलेगा सुशासन का चेहरा, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : मुख्यमंत्री

### 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन का शुभारंभ, राजस्थान में एआई, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मिलेगी नई गति





भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तकनीक केवल सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन, पारदर्शी शासन और जनकल्याण का सबसे प्रभावी साधन बननी चाहिए। डिजिटल गवर्नेंस का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी नागरिक विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे, यही राज्य सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में डिजिटल क्रांति आई है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है और शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनी है।

मुख्यमंत्री बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज एआई, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और साइबर सुरक्षा सुशासन के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं और इनके माध्यम से शासन को अधिक जवाबदेह, प्रभावी तथा नागरिक-केंद्रित बनाया जा रहा है।

**हर माह 3 लाख तक शिकायतों का हो रहा समाधान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान संपर्क आमजन की शिकायतों के समाधान का प्रभावी मंच बन चुका है, जहां हर महीने ढाई से तीन लाख परिवादों का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी राजस्थान संपर्क पर आने वाली शिकायतों की नियमित समीक्षा करते हैं।

**एआई-एमएल नीति से प्रशासन से लेकर कृषि तक बदलाव**

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी-2026 लागू की है, जिसके माध्यम से प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही एवीजीसी एवं एक्सआर नीति लागू कर युवाओं के लिए एनिमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट्स जैसे क्षेत्रों में नए अवसर तैयार किए गए हैं। राज्य में एआई एवं क्वांटम कम्प्यूटिंग मिशन भी शुरू किया गया है।

**दो साल में दोगुने से अधिक हुए स्टार्टअप**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान देश के अग्रणी स्टार्टअप राज्यों में तेजी से उभर रहा है। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में स्टार्टअप्स की संख्या 4 हजार से बढ़कर 8,500 से अधिक हो गई है। इसी अवधि में निवेश 250 करोड़ से बढ़कर 1,000 करोड़ रुपये और रोजगार सृजन 22 हजार से बढ़कर 47 हजार से अधिक हो गया है। नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 9 इन्क्यूबेशन सेंटर और 65 लॉन्चपैड स्थापित किए गए हैं।

**गांव-गांव तक पहुंचा डिजिटल नेटवर्क**

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 1,686 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का विस्तार किया गया है। 3,200 से अधिक ग्राम पंचायतों में 12,500 हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं 79 हजार से अधिक ई-मित्र केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को 900 से अधिक सरकारी सेवाएं मिल रही हैं।

**भर्ती से सुरक्षा तक एआई का इस्तेमाल**

उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एआई आधारित फोटो सत्यापन और ई-केवाईसी व्यवस्था लागू की गई है। साइबर अपराधों से निपटने के लिए आधुनिक साइबर लैब और साइबर रेंज प्लेटफॉर्म विकसित किए गए हैं। वहीं सार्वजनिक स्थानों और शैक्षणिक संस्थानों में 25 हजार से अधिक निगरानी कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं।

**नई डिजिटल पहल का शुभारंभ**

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने राजस्थान लैंग्वेज मॉडल ट्रेनिंग हैकाथॉन, स्मार्ट राजस्थान परियोजना, राजस्थान इनोवेशन चैलेंज, ई-मित्र व्हाट्सएप सेवा का शुभारंभ किया तथा डिजिटल राजस्थान कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया। इससे पहले उन्होंने ई-गवर्नेंस आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर विभिन्न तकनीकी नवाचारों का अवलोकन किया।

समारोह को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से सरकार आमजन तक अधिक तेज, बेहतर और पारदर्शी सेवाएं पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, स्टार्टअप उद्यमी और बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## आज से बिना हेलमेट सफर भारी, पूरे राजस्थान में 15 दिन चलेगा पुलिस का विशेष अभियान

### तेज रफ्तार, रॉन्ग पार्किंग और लेन उल्लंघन पर भी होगी सख्त कार्रवाई, 2030 तक सड़क हादसों में 50' कमी लाने का लक्ष्य



भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस बुधवार से पूरे प्रदेश में 15 दिवसीय 'राज्यव्यापी विशेष हेलमेट जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान' शुरू करेगी। 2 जुलाई से 16 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के दौरान बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही तेज गति, राजमार्गों पर अवैध पार्किंग तथा एक्सप्रेस-वे और छह लेन राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश तथा महानिदेशक पुलिस (यातायात) अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में शुरू किए जा रहे इस अभियान के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (यातायात) डॉ. बी.एल. मीणा ने सभी पुलिस आयुक्तों और जिला पुलिस अधीक्षकों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार की सड़क सुरक्षा रणनीति एवं कार्ययोजना के तहत वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों में 50 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है।

पुलिस के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में दुपहिया वाहन चालक और पीछे बैठने वाले सहयात्री बड़ी संख्या में हेलमेट का उपयोग नहीं करते, जिससे हादसों में सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण मौत और स्थायी विकलांगता के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसी को देखते हुए इस बार अभियान में जागरूकता और सख्त कार्रवाई दोनों पर समान रूप से जोर दिया जाएगा। अभियान के दौरान पुलिस के साथ परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज संस्थाएं, स्वयंसेवी संगठन और जनप्रतिनिधि भी जुड़ेंगे। ग्राम पंचायतों, स्कूल-कॉलेजों, बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, सड़क सुरक्षा रैलियां, प्रचार वाहन और ग्राम सभाओं के माध्यम से लोगों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। सोशल मीडिया और जनसंपर्क अभियानों के जरिए 'बिना हेलमेट नहीं सफर' और 'आईएसआई मार्क हेलमेट ही जीवन रक्षा का साधन' जैसे संदेशों का व्यापक प्रचार भी किया जाएगा।

## 42 घंटे में 20 लाख की फर्जी लूट का खुलासा, पीड़ित कर्मचारी ही निकला मास्टरमाइंड

### 15 दिन पहले बनाई थी साजिश, सोशल मीडिया और फिल्मों से लिया आइडिया; तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

फिल्मों की तर्ज पर 20 लाख रुपये की लूट की झूठी कहानी रचकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने महज 42 घंटे में गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जिस कर्मचारी ने खुद के साथ लूट होने की सूचना दी थी, वही पूरी साजिश का मास्टरमाइंड निकला। बुधवार को पुलिस तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने ले जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में पुलिस वाहन खराब हो गया, जिसके बाद पुलिसकर्मी आरोपियों को पैदल ही कोर्ट लेकर पहुंचे।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी हनुमान सिंह ने बताया कि 29 जून की शाम सूचना मिली कि सेठ मुरलीधर मानसिंह गर्ल्स स्कूल के पीछे लूट की वारदात हुई है। सूचना मिलते ही



पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृत्ताधिकारी नगर तथा पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की गई।

प्रारंभिक पूछताछ में कंपनी कर्मचारी नारायण सिंह ने बताया कि वह नेशनल फ्रूट कंपनी के लगभग 20 लाख रुपये बैंक में जमा कराने जा रहा था। इसी दौरान स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक, जिन्होंने चेहरे पर सफेद कपड़ा बांध रखा था, उसकी एक्टिवा को टक्कर मारकर गिरा दिया और नकदी से भरा बैग तथा उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीमों का गठन किया गया। टीमों ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा तकनीकी साक्ष्य जुटाए। इस बीच कंपनी संचालक चंद्रप्रकाश चांदवानी, निवासी शास्त्री नगर, की रिपोर्ट पर लूट का मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई गई।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर नारायण सिंह एवं विशाल साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि नारायण सिंह ने ही पूरी लूट की साजिश रची थी और स्वयं पुलिस को सूचना देकर मामले को वास्तविक लूट का रूप देने का प्रयास किया। आगे की पूछताछ में उसके भाई रघुवीर उर्फ राजवीर की भूमिका भी सामने आई, जिसके बाद उसे भी हिरासत में लिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ में सामने आया कि उन्होंने करीब 15 दिन पहले इस फर्जी लूट की योजना बनाई थी। आरोपियों ने सोशल मीडिया और फिल्मों से प्रेरणा लेकर पूरी वारदात की पटकथा तैयार की, ताकि मामला वास्तविक लूट का लगे और पुलिस को गुमराह किया जा सके। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में बरामदगी और अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

## एएनटीएफ और हमीरगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 96 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ महाराष्ट्र का तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

राजस्थान एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और हमीरगढ़ थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनएच-48 स्थित बनास नदी पुलिया के पास से 96 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये कीमत आंकी जा रही है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

एएनटीएफ से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर टीम एनएच-48 पर भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ लेन में बिलिया कला क्षेत्र स्थित बनास नदी पुलिया के पास पहुंची। वहां एक संदिग्ध युवक खड़ा मिला, जो पुलिस को देखकर घबरा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम तुषार पुत्र हिम्मत लुणारी, उम्र 32 वर्ष, निवासी बलसाने लामकनी, थाना निजामपुर, जिला धूले (महाराष्ट्र) बताया।

इसके बाद एएनटीएफ टीम ने हमीरगढ़ थाना पुलिस को मौके पर बुलाया। स्थानीय पुलिस ने नियमानुसार तलाशी



ली, जिसमें आरोपी के कब्जे से 96 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की सप्लाई चेन, खरीद-फरोख्त और उसके नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

महानिरीक्षक पुलिस एएनटीएफ राजस्थान जयपुर विकास कुमार ने बताया कि इस सफल कार्रवाई में शामिल एएनटीएफ और स्थानीय पुलिस टीम को विशेष कार्यक्रम के दौरान एएनटीएफ मुख्यालय में सम्मानित किया जाएगा।

# स्कूल के लिए निकला 15 वर्षीय किशोर तीन दिन से लापता

**भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर आखिरी बार दिखने की सूचना, परिवार बेहाल; पुलिस ने तेज की तलाश**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

उपखंड क्षेत्र के मालीपुरा कॉलोनी का 15 वर्षीय किशोर सुशील कुमार गाडोलिया (रोहित) पिछले तीन दिनों से लापता है। स्कूल जाने के लिए घर से निकला किशोर अब तक घर नहीं लौटा है। परिजनों ने हरसंभव प्रयास कर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर बिजौलिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार मालीपुरा निवासी ओमप्रकाश गाडोलिया का पुत्र सुशील 29 जून की सुबह करीब 6 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। परिजनों ने उसे बिजौलिया बस स्टैंड से आरोली जाने वाली लोक परिवहन बस में बैठाया था, लेकिन वह स्कूल नहीं पहुंचा।

परिजनों ने पहले रिश्तेदारों, दोस्तों और परिचितों के यहां उसकी तलाश की। इसी दौरान पुलिस के सहयोग से जानकारी मिली कि 29 जून की शाम करीब 6 बजे सुशील को भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर देखा गया था। इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। तीन दिन बीत जाने के बावजूद किशोर का सुराग नहीं मिलने से परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

परिजनों की रिपोर्ट पर थाना पुलिस ने



गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस रेलवे स्टेशन सहित संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ अन्य तकनीकी माध्यमों से भी किशोर की तलाश में जुटी हुई है।

गुमशुदा सुशील की उम्र करीब 15 वर्ष, रंग गेहुआं है। घर से निकलते समय उसने जींस पैंट, जूते और हाथ में घड़ी पहन रखी थी।

परिजनों ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को सुशील कुमार गाडोलिया (रोहित) के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल बिजौलिया थाना पुलिस या उसके परिजनों को सूचित करें, ताकि उसे सकुशल घर पहुंचाया जा सके।

# जेब में रखा मोबाइल बना हादसे की वजह, ब्लास्ट से मासूम झुलसा

**देवखेड़ा गांव की घटना, हाथ व जांघ पर आईं जलने की चोटें, अस्पताल में उपचार जारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

क्षेत्र के देवखेड़ा गांव में मोबाइल फोन से जुड़ा एक चौंकाने वाला हादसा सामने आया है। पैंट की जेब में रखा मोबाइल अचानक गर्म होने लगा और कुछ ही क्षणों बाद कथित रूप से फट गया। मोबाइल निकालने का प्रयास कर रहे मासूम बच्चे के हाथ और जांघ झुलस गए। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और बच्चे को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब बच्चा मोबाइल लेकर घर पर था। अचानक उसे जेब में तेज गर्माहट महसूस हुई। उसने मोबाइल बाहर निकालने के लिए जेब में हाथ डाला, लेकिन इससे पहले ही मोबाइल में कथित रूप से ब्लास्ट हो गया। धमाके के साथ निकली गर्मी और चिंगारियों से बच्चे का हाथ झुलस गया, जबकि जांघ के पास भी जलने की चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद परिजन बच्चे को शाहपुरा के सेटेलाइट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। फिलहाल बच्चे की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है और चिकित्सकीय निगरानी में उसका इलाज





जारी है। हालांकि, मोबाइल में ब्लास्ट होने के कारणों की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसा बैटरी में तकनीकी खराबी, अत्यधिक गर्म होने या किसी अन्य कारण से हुआ।

# अब पूरे राजस्थान में आवारा कुत्तों पर सख्ती की तैयारी

**हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी जवाबदेही, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन पर 3 अगस्त तक तलब की विस्तृत रिपोर्ट**


**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में लगातार बढ़ रही डॉग बाइट की घटनाओं और आवारा कुत्तों से आमजन की सुरक्षा को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन को आधार बनाते हुए हाईकोर्ट ने स्वप्रेरित संज्ञान लिया और केन्द्र सरकार, राज्य सरकार तथा भारतीय पशु कल्याण बोर्ड से अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत जवाब मांगा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायमूर्ति मनीष शर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेशभर में आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने, लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के पालन के लिए अब तक क्या ठोस कार्रवाई की गई है। अदालत ने यह भी कहा कि यदि निर्देशों के पालन में लापरवाही बरती गई है तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए।

कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि ऐसे सभी पालतू पशुओं, विशेषकर कुत्तों, जिनसे मानव जीवन को खतरा हो सकता है, उनका अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिन पशु मालिकों ने अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण नहीं कराया है, उनके खिलाफ जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान किया जाए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी जानना चाहा कि क्या प्रदेश के सभी स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, खेल मैदानों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों के आसपास सुरक्षा के लिहाज से फेंसिंग और गेट लगाने जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। अदालत ने निर्देश दिए कि पकड़े गए आवारा कुत्तों की नियमानुसार नसबंदी



और रेबीज वैक्सीनेशन कराया जाए, ताकि उनकी संख्या नियंत्रित हो और संक्रमण का खतरा कम किया जा सके।

हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर भी चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में पर्याप्त मात्रा में एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध रहनी चाहिए, ताकि डॉग बाइट के पीड़ितों को समय पर उपचार मिल सके। इसके अलावा भारतीय पशु कल्याण बोर्ड से पूछा गया है कि जिला स्तर पर पशु कल्याण बोर्ड गठित करने और कुत्तों के काटने की घटनाओं की रोकथाम के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने की दिशा में अब तक क्या प्रगति हुई है।

खंडपीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाएं विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। इसलिए राज्य सरकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नगर निकाय और पशुपालन विभाग आपसी समन्वय से जागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सुरक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएं।

अदालत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि यह पूरा मामला केवल जयपुर शहर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन राजस्थान के सभी जिलों और नगर निकायों में समान रूप से सुनिश्चित करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त को निर्धारित की गई है, तब तक राज्य सरकार को विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट पेश करनी होगी।

# ऑनलाइन जनसुनवाई में 121 परिवाद, मंत्री दिलावर ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**पीएम किसान सम्मान निधि, पेंशन, शिक्षा और पट्टों से जुड़े मामलों पर मौके पर हुई कार्रवाई**




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज सभागार से प्रदेश की छह ग्राम पंचायतों के साथ ऑनलाइन विशेष जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक परिवाद का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी भी मौजूद रहे।

विशेष जनसुनवाई में प्रदेशभर की छह ग्राम पंचायतों से कुल 121 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें झालावाड़ जिले की कोटड़ी ग्राम पंचायत से सबसे अधिक 40, सीकर की हथौरा से 27, उदयपुर की ओबराकला से 16, जालौर की बांदनवाड़ी से 15, कोटा की असकली से 13 तथा अजमेर की सांपला ग्राम पंचायत से 10 परिवाद शामिल रहे।

जनसुनवाई के दौरान झालावाड़ जिले की कोटड़ी ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि लंबित होने के सात मामले सामने आए। इस पर मंत्री ने जिला कलक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर सभी लंबित भुगतान शीघ्र जारी कराने के निर्देश दिए।

इसी ग्राम पंचायत की एक वृद्ध महिला की पिछले छह माह से बंद वृद्धावस्था पेंशन का मामला भी सामने आया। मंत्री के निर्देश पर आवश्यक दस्तावेज तैयार कर मौके पर ही पेंशन दोबारा शुरू कराई गई। अब लाभार्थी को प्रतिमाह 1,450 रुपये की पेंशन मिलेगी।

सीकर जिले की हथौरा ग्राम पंचायत में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के रिक्त पदों को भरने की मांग पर मंत्री ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। वहीं मोडयाड़ी विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक के रिक्त पद भरने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जालौर जिले की बांदनवाड़ी ग्राम पंचायत में आवासीय भूखंड के पट्टे से जुड़े प्रकरण पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को 5 जुलाई तक पट्टा हस्तांतरित करने के निर्देश दिए।

मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रशासन को अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

ऑनलाइन विशेष जनसुनवाई के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

जनसुनवाई के दौरान संबंधित जिलों के बीडीओ, जिला परिषद अधिकारियों, विद्युत, पीएचईडी, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारी ग्राम पंचायत मुख्यालयों से ऑनलाइन जुड़े रहे और प्राप्त परिवादों के निस्तारण की कार्रवाई की गई।

# भाई को आखिरी वीडियो भेज युवक ने की आत्महत्या की कोशिश, ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, आईसीयू में भर्ती; पुलिस ने शुरू की जांच**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर में एक 25 वर्षीय युवक द्वारा अपने भाई और दोस्तों को भावुक वीडियो संदेश भेजने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने का मामला सामने आया है। समय रहते परिजनों ने युवक को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उसका आईसीयू में उपचार जारी है। घटना से पहले बनाए गए वीडियो में युवक ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और रुपए नहीं लौटाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार घटना भीमगंज थाना क्षेत्र के आदर्श विहार की है। यहां रहने वाले शंकर प्रजापत (25) ने आत्महत्या का प्रयास करने से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड कर अपने भाई और दोस्तों को भेजा। इसके बाद उसने फांसी का फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों को घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत युवक को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे आईसीयू में भर्ती किया। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

परिजनों के अनुसार शंकर लंबे समय से ससुराल पक्ष के कारण मानसिक तनाव में था। युवक के भाई सूरज ने बताया कि कुछ समय पहले ससुराल पक्ष ने मकान खरीदने के नाम पर उससे 5 तोला सोना, एक किलो चांदी और 50 हजार रुपए नकद लिए थे। कई बार वापस मांगने के बावजूद सामान और रुपए नहीं लौटाए गए, जिससे वह लगातार परेशान चल रहा था।

वायरल वीडियो में युवक अपने भाई से कहता दिखाई दे रहा है, 'सूरज... मुझे माफ कर देना भाई, मैं जिंदगी से हार चुका हूं। अब मैं नहीं जी पाऊंगा। मेरे बेटे का ध्यान रखना।' वीडियो में उसने आरोप लगाया कि बार-बार



कहने के बावजूद ससुराल पक्ष उसकी बात नहीं सुन रहा था और उसे मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था। युवक ने यह भी दावा किया कि इससे पहले भी वह दो-तीन बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था। घटना के बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।

# आसीन्द में मिलावट पर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 100 किलो संदिग्ध मिर्च पाउडर सीज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने आसीन्द कस्बे में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक प्रतिष्ठान से करीब 100 किलोग्राम संदिग्ध लाल मिर्च पाउडर जब्त कर सीज कर दिया। विभाग ने मौके से लाल मिर्च पाउडर का नमूना लेने के साथ ही आयोडाइज्ड नमक और कच्ची घानी सरसों तेल के सैंपल भी एकत्रित किए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने तक सीज किए गए मिर्च पाउडर के विक्रय और उपयोग पर रोक लगा दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिलेभर में शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और मिलावटखोरों पर प्रभावी कार्रवाई के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव के नेतृत्व में टीम ने आसीन्द क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।


निरीक्षण के दौरान मैसर्स विनोद साहू प्रतिष्ठान से लाल मिर्च पाउडर का नमूना लिया गया। प्रारंभिक जांच में इसकी गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर करीब 100 किलो लाल मिर्च पाउडर को मौके पर ही सीज कर दिया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि प्रयोगशाला रिपोर्ट आने तक इस स्टॉक की बिक्री या उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

अभियान के दौरान मैसर्स राजस्थान किराना स्टोर से आयोडाइज्ड नमक तथा मैसर्स बालाजी सेल्स से कच्ची घानी सरसों तेल के नमूने भी लिए गए। सभी नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेज दिया गया है।

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि यदि प्रयोगशाला जांच में खाद्य पदार्थ निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत



सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



QUICK BITES

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति, की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में बुधवार को ग्राम किशनपुरिया एवं पंचायत समिति में पर्यावरण संरक्षण विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने तथा पृथ्वी को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी अशेष शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामेश्वर बेरवा, ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष सचिन कुमार चौबे, सूचना सहायक सुधीर शर्मा, जीजू मैथ्यू, विजेश माली, राधाकृष्ण माली, रामकल्याण भील, संतोष नायक, हरिद्वार माली, निर्मला माली, सुमित्रा माली, गीता माली, बर्दी माली, सोनी माली, भैरी बाई भील, नारायण माली, महेश कटारा, अर्जुन कटारा, नंदू देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सावर में डॉक्टर डे एवं सीए डे पर चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



दिलखुश

लायंस क्लब सावर द्वारा डॉक्टर डे एवं सीए डे के अवसर पर राजकीय चिकित्सालय सावर में कार्यरत सात चिकित्सकों तथा एक चार्टर्ड अकाउंटेंट का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्किट भी वितरित किए गए।

लायंस क्लब अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि समारोह में डॉ. ललित शेखावत, डॉ. पायल वर्मा, डॉ. आदित्य कुमार जोशी, डॉ. वैशाली मीणा, डॉ. रविन्द्र रावत, डॉ. राजेंद्र बाजिया, डॉ. राजेश कुमार गुप्ता तथा सीए अभिषेक जैन का माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रांतीय जीईटी लायन एस.एन. न्याती ने कहा कि डॉक्टर मानव सेवा के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और कठिन परिस्थितियों में भी समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सुवालका ने चिकित्सकों को ईश्वर के समतुल्य बताते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की।

इस अवसर पर सचिव अविनाश कोठारी, कोषाध्यक्ष मनोज सैनी, वीरेंद्र कुमार चौहान, भूपेंद्र सिंह शक्तावत, नेमीचंद सामरिया तथा सूर्यप्रकाश त्रिवेदी ने सभी सम्मानित चिकित्सकों एवं सीए को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में मेल नर्स भागचंद धाकड़, मुकेश मीणा, दीपक साहू, बसंत कुमावत, रेडियोग्राफर मनोज मीणा, तकनीकी सहायक भारत राज मीणा, तंजीम खान, भोजराज कहार एवं मनोज कुम्हार का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन लायन नेमीचंद सामरिया ने किया।

## रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को पिलाया शीतल आमरस, भीषण गर्मी में दी राहत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान एवं मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर प्रांगण में यात्रियों एवं आमजन के लिए शीतल आमरस वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।समिति के प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू तथा मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में 51 लीटर शीतल आमरस का निःशुल्क वितरण किया गया। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच यात्रियों एवं आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता कल्याण समिति पिछले 26 वर्षों से लगातार जनहित एवं जनसेवा के कार्य कर रही है, जिसमें मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल का भी सराहनीय सहयोग मिल रहा है। प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी ने बताया कि कार्यक्रम में राजेंद्र कचौलिया, अल्पना कचौलिया, संगीता अग्रवाल, अनिल कुमार पारीक, निशा कंवर गौड़, एडवोकेट सूर्यप्रकाश सरगरा, एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, अनुरेखा कुदाल, सुरेश कुदाल सहित मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल की निशा अग्रवाल, रेणू अग्रवाल, मैना अग्रवाल, मोना अग्रवाल, रानू अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल एवं रितु निमोदिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक कोठारी की अभिनव पहल

# भीलवाड़ा में 'प्रातःकालीन फिटनेस अभियान' का शुभारंभ 3 से

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी की प्रेरणा एवं दूरदर्शी सोच से भीलवाड़ा में स्वास्थ्य और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक नई पहल शुरू होने जा रही है। विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत 'प्रातःकालीन फिटनेस अभियान (मॉर्निंग फिटनेस वाइब्स)' का शुभारंभ 3 जुलाई 2026 से किया जाएगा।

विधायक कोठारी ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला होते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शहरवासियों को नियमित व्यायाम, योग और खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए यह अभियान प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे प्रत्येक आयु वर्ग का व्यक्ति स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवनशैली अपना सके।

शिक्षाविद् विवेक निमावत के संयोजन में संचालित होने वाला यह अभियान प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 7:30 बजे तक एस एम एम गर्ल्स कॉलेज मैदान, भीलवाड़ा में आयोजित होगा। इसमें बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी के लिए सहभागिता निःशुल्क रहेगी।

कार्यक्रम में प्रातः भ्रमण, दौड़, योग, व्यायाम, जुम्बा, हुला हूप, रस्सी कूद, फुटबॉल, हॉकी तथा बैडमिंटन जैसी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अनुभवी प्रशिक्षक अजीत जैन एवं बंशीलाल माली प्रतिभागियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

प्रशिक्षक अजीत जैन ने शहरवासियों से इस अभिनव अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि यह केवल फिटनेस कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ, जागरूक और खेलप्रिय भीलवाड़ा के निर्माण का जन आंदोलन है। उन्होंने समाज के सक्षम नागरिकों से जरूरतमंद बच्चों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ी संसाधनों के अभाव में पीछे न रहें।

# भीलवाड़ा में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक की तैयारियां तेज

**दो दिवसीय राष्ट्रीय महासम्मेलन की तैयारियां शुरू, देवराज तेली व एडवोकेट कुशल साहू को सह-संयोजक की जिम्मेदारी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।







वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में प्रस्तावित अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं सामाजिक जागृति महासम्मेलन की तैयारियों को गति देते हुए राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा ने आयोजन समिति का गठन कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

महासभा के प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं।

महासभा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में महासभा के प्रदेश मिडिया प्रभारी प्रहलाद दिया बड़ी हरणी को आयोजन समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है।

वहीं महासभा के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष देवराज तेली तथा विधि प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी एडवोकेट कुशल साहू को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इन नियुक्तियों के साथ ही आयोजन की रूपरेखा तैयार करने और विभिन्न व्यवस्थाओं के समन्वय का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि समिति के पदाधिकारी संगठन के वरिष्ठजनों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं स्थानीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम स्थल चयन, विभिन्न उपसमितियों के गठन, प्रशासनिक अनुमतियों, अतिथि स्वागत एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देंगे। साथ ही कार्यक्रम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णय प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में लिए जाएंगे।

महासभा के अनुसार भीलवाड़ा में आयोजित होने वाला यह दो दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक जागरूकता के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक साबित होगा। कार्यक्रम में राजनैतिक क्षैत्र के जुड़े कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ देशभर से महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, समाज के जनप्रतिनिधि एवं समाज के करीब 20 हजार प्रबुद्धजन भाग लेंगे।

महासभा प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनकी सक्रियता, अनुभव और समन्वय क्षमता से कार्यक्रम भव्य, व्यवस्थित एवं सफल होगा। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से सहयोग एवं सहभागिता का आह्वान करते हुए आयोजन को समाज की शक्ति और एकजुटता का प्रतीक बनाने की अपील की।

इस नियुक्ति के साथ ही भीलवाड़ा में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के महासम्मेलन को लेकर समाजजन में उत्साह का माहौल है।तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर बैठक, पौधारोपण कर सुरक्षा का लिया संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



कस्बे में पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण को लेकर आयोजित बैठक में तहसीलदार शैतान सिंह मीणा ने कहा कि पेड़ धरती का श्रृंगार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया, ताकि गांव और प्रदेश को हरा-भरा बनाया जा सके।

तहसीलदार मीणा ने कहा कि जन्मदिन अथवा किसी भी खुशी के अवसर पर अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांडलगढ़ विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी ने की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए। वहीं पर्यावरण प्रेमियों का सम्मान भी किया गया।

बैठक के बाद सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया तथा पौधों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा सह-संयोजक संदीप महेश्वरी, वरिष्ठ शिक्षक नवल कुमार जेथलिया, कैलाश चंद्र टाक जहाजपुर,गिरदावर प्रकाश मुद्डा, पटवारी चन्द्रवीर सिंह, जय सिंह, आलोक जैथलिया, नवल कुमार, नरेश पारीक, योगेश मालू, परमेश्वर मंत्री, गोपाल मंत्री, चन्द्रप्रकाश यादव, प्रवीण टेलर सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# बाडिया माता व आशाहोली तक पीएम ई-बस चलाने की मांग, मुख्यमंत्री के नाम भेजा पत्र

**आमली, महेंद्रगढ़, एकलिंगपुरा व तिलोली को रूट से जोड़ने का प्रस्ताव, ग्रामीणों ने नया रूट चार्ट सौंपा**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर बाडिया माता एवं आशाहोली तक प्रधानमंत्री ई-बस सेवा शुरू करने की मांग उठी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेजकर भीलवाड़ा से इन क्षेत्रों तक ई-बसों का संचालन शुरू करने तथा नए रूट चार्ट को मंजूरी देने की मांग की है।

महेंद्रगढ़ सरपंच रामधन सोमानी ने बताया कि वर्तमान में नियमित बस सेवा नहीं होने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों तथा श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर ई-बस सेवा शुरू कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे। वहीं महेंद्रगढ़ प्रशासक ललिता सोमानी ने भी मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेजकर इस मांग का समर्थन किया है।

ग्रामीणों ने प्रस्ताव दिया है कि भीलवाड़ा से गुरला, कारोई, तिलोली, एकलिंगपुरा, महेंद्रगढ़, आमली और चेड होते हुए आशाहोली एवं बाडिया माता तक कम से कम दो पीएम ई-बसों का संचालन किया जाए।

इसके साथ ही ग्रामीणों ने भीलवाड़ा-कारोई रूट में संशोधन करते हुए नया रूट चार्ट भी प्रस्तावित किया है। प्रस्तावित रूट के अनुसार बसों का संचालन भीलवाड़ा ,बाडिया माता,आशाहोली ,चेड, आमली , महेंद्रगढ़, एकलिंगपुरा , तिलोली , महावीर चौराहा (सांगवा), कारोई , गुरला , मुजरास, पुर मार्ग से करने की मांग की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि नया रूट लागू होने से दूरदराज के गांवों की जिला मुख्यालय से सीधी कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इससे विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, रोजगार एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित एवं सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

